सत्यमेव जयते	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	**RAJASTHAN GAZETTE** **Extraordinary**
	साधिकार प्रकाशित	***Published by Authority***
	भाद्र 18, बुधवार, शाके 1942–सितम्बर 9, 2020 *Bhadra 18, Wednesday, Saka 1942–September 9, 2020*	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (ग्रुप-2) विभाग

अधिसूचना

जयपुर, सितम्बर 08, 2020

संख्या प.1(1)चिस्वा/ग्रुप-2/2020 :-विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 08.09.2020 के द्वारा ईएसआई मॉडल अस्पताल, जयपुर को कोरोना वायरस (कोविड-19) के उपचार के लिए तत्काल प्रभाव से पूर्णतः समर्पित (Dedicated) अस्पताल घोषित किया गया है।

कोरोना वायरस के बढते संक्रमण के कारण संक्रमितों मरीजों की संख्या में हो रही वृद्धि एवं मानव जीवन की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए व्यापक लोकहित में राजस्थान महामारी अध्यादेश, 2020 की धारा 4 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं अखिल अरोरा, प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ईएसआई मॉडल अस्पताल, जयपुर को समस्त भौतिक एवं मानव संसाधन सहित तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेशों तक अधिग्रहण किये जाने के आदेश प्रदान करता हूं।

उक्त अस्पताल को प्रभावी रूप से Dedicated कोविड अस्पताल के रूप में संचालित करने हेतु समस्त चिकित्सकीय प्रबन्धन प्रधानाचार्य, सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर द्वारा किया जावेगा। मेडिकल लोजिस्टक की समस्त व्यवस्था मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम द्वारा की जावेगी। अन्य समस्त लोजिस्टक प्रबन्धन जिला कलक्टर, जयपुर द्वारा किया जावेगा।

अखिल अरोरा,
प्रमुख शासन सचिव।

5701

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।